प्रादेशिक समाचार
दिनांक–15.08.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1- झारखंड समेत देशभर में आज स्वतंत्रता दिवस की धूम, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लाल किले की प्राचीर पर राष्ट्र ध्वज फहराया, कहा–मौजूदा समय की मांग है सेक्यूलर सिविल कोड और वन नेशन वन इलेक्शन।
2- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की घोषणा, अगले पांच वर्ष में मेडिकल पाठ्यक्रमों के लिए 75 हज़ार सीट बढ़ाई जाएंगी।
3- राज्यभर में शान से फहराया तिरंगा, राज्यपाल संतोष गंगवार ने दुमका और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची के मोरहाबादी में किया झंडोत्तोलन, वीर सपूतों के बलिदान को किया नमन।
4- स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज शाम सात बजे आकाशवाणी से राज्य की जनता के नाम संदेश देंगे।

*************************

राष्ट्र आज अपना 78 वां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस अवसर पर नई दिल्ली में लाल किले की प्राचीर से राष्ट्रीय ध्वज फहराया और राष्ट्र को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने स्वतंत्रता दिवस पर देशवासियों को बधाई दी। राष्ट्र को संबोधन में श्री मोदी ने कहा कि आज वो शुभ घड़ी है कि हम देश की आजादी के लिए प्राणों को त्याग करने वालों और आजीवन संघर्ष करने वालों को स्मरण करें। श्री मोदी ने कहा कि देश के 140 करोड़ नागरिक कंधे से कंधे मिलाकर एक संकल्प लेकर चलें तो हर चुनौती को पार कर देश को 2047 तक विकसित बना सकते हैं। श्री मोदी ने कहा हमें कम्यूनल सिविल कोड की जगह सेक्यूलर सिविल कोड को लागू करने की आवश्यकता है।

श्री मोदी कहा कि देश में बार–बार चुनाव गतिरोध पैदा कर रहे हैं। हर काम को चुनाव के रंग में रंग दिया गया है। इसलिए एक राष्ट्र एक चुनाव के लिए सबको आगे आना चाहिए।

अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि लोगों के जीवन को आसान बनाने के लिए अनावश्यक कानूनों को खत्म किया गया है और सरकार नागरिकों को न्याय दिलाने के लिए नए कानून लेकर आई है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि यह स्वार्णिम कालखंड 2047 में विकसित भारत की प्रतीक्षा कर रहा है।

*************************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि नई शिक्षा नीति 2020 में भाषा के कारण प्रतिभा के लिए बाधा न आए इसके प्रयास किये गये हैं। इस नीति के अनुसार हर गरीब का सपना पूरा हो सकेगा। श्री मोदी ने कहा कि चिकित्सा शिक्षा पर हमारे देश के युवा विदेशों में जा रहे हैं। उनकी शिक्षा के लिए लाखों रूपये खर्च हो जाते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि अगले पांच वर्ष में मेडिकल लाइन में 75 हजार नई सीट और बढ़ाई जाएंगी।

*************************

झारखंड में 78 वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने उपराजधानी दुमका में तिरंगा फहराया। अपने संबोधन में राज्यपाल ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ दी। उन्होंने कहा कि आज का दिन देशवासियों के लिए बहुत ही गर्व का दिन है। अपने संबोधन में राज्यपाल ने तीन नए कानून को एतिहासिक कदम बताया। उन्होंने कहा कि "झारखण्ड कृषि ऋण माफी योजना" राज्य सरकार की किसान कल्याणकारी योजना है। इस वर्ष इस योजना की सीमा को 50 हजार से बढ़ाकर 2 लाख रुपये कर दिया गया है।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची के मोरहाबादी मैदान में झंडोत्तोलन किया। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने झारखंड के वीर सपूतों के साथ साथ स्वतंत्रता संग्राम में हिस्सा लेने वाले सेनानियों को याद करते हुए उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी है। अक्तूबर तक 35 हजार पदों पर नियुक्ति हो जाएगी।

इधर जमशेदपुर के गोपाल मैदान में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने तिरंगा फहराया। जबकि सरायकेला खरसावां जिले के बिरसा मुंडा स्टेडियम में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में मंत्री चंपाई सोरेन ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। मौके पर मंत्री द्वारा जिले में विभिन्न विभागों में बेहतर कार्य करने वाले कर्मियों को सम्मानित किया गया। इधर जामताड़ा जिले के स्थानीय गांधी स्टेडियम में मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और मिली

जुली परेड की सलामी ली। गोड्डा जिले के ऐतिहासिक गांधी मैदान में कृषि मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने तिरंगा फहराया और परेड की सलामी ली। इधर गुमला जिला मुख्यालय स्थित परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में जिला प्रशासन के द्वारा आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने राष्ट्रीय झण्डा फहराया। गिरिडीह के झंडा मैदान में आयोजित कार्यक्रम में डीसी नमन प्रेयस लकड़ा ने तिरंगा फहराया। पाकुड़ जिले में रानी ज्योतिर्मयी स्टेडियम में उपायुक्त मृतुन्जय कुमार बरनबाल ने परेड टुकड़ियों का निरीक्षण किया और राष्ट्रीय ध्वज फहराया।पुलिस केंद्र में पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार,जिला परिषद कार्यलय में अध्यक्ष जुली ख्रीष्ट मणि हेम्ब्रम ने तिरंगा फहराया। जमशेदपुर में टाटा स्टील के मुख्य द्वार पर टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट चाणक्य चौधरी ने झंडोतोलन किया और राष्ट्रध्वज को सलामी दी।

**************************

स्वतंत्रता दिवस पर आज आकाशवाणी रांची परिसर में निदेशक अभियंत्रण डी सी हेमब्रम ने तिरंगा फहराया जबकि रातू स्थित ट्रांसमीटर केंद्र में उपनिदेशक अभियंत्रण ए पी सिंह ने झंडोतोलन किया.इस अवसर पर बड़ी संख्या में अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे.

**************************

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज शाम सात बजे आकाशवाणी से राज्य की जनता के नाम संदेश देंगे। मुख्यमंत्री के संदेश के कारण आकाशवाणी रांची से आज शाम सात बजे प्रसारित होने वाला प्रादेशिक समाचार शाम पौने सात बजे प्रसारित किया जाएगा जबकि जिले में आजकल का प्रसारण छह बजकर पचपन मिनट पर होगा।

**************************

संक्षिप्त खबरें

- धनबाद मंडल के सभी स्टेशनों पर अनारक्षित रेलवे टिकट अब यूटीएस मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से ही खरीदे जा सकते हैं। इसके लिए हर स्टेशन पर भुगतान की सुविधा उपलब्ध करा दी गई है।
- ऑपरेशन सतर्क के तहत पूर्व रेलवे के आसनसोल मंडल के देवघर जिले के मधुपुर स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल ने चौवालीस लाख रुपये से अधिक नकद बरामद की है।

*********समाप्त*********